INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson -3 Chand Se Thory si Gapeen	Topic: Questions , answers and word meanings.	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 3 -'चाँद से थोड़ी गप्पें'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न - 1 चाँद की पोशाक पर क्या जड़ा है?

उत्तर :- चाँद की पोशाक पर तारे जड़े हैं ।

प्रश्न - 2 चाँद घटते-घटते कब गायब हो जाता है?

उत्तर :- चाँद घटते-घटते अमावस्या को गायब हो जाता है ।

प्रश्न - 3 चाँद अपनी पोशाक कहाँ फैलाए हुए है ?

उत्तर :- चाँद अपनी पोशाक सभी दिशाओं में फैलाए हुए है ।

प्रश्न - 4 लड़की किससे बातें कर रही है ?

उत्तर :- लड़की चाँद से बातें कर रही है ।

प्रश्न - 5 चाँद कैसा है ?

उत्तर :- चाँद गोल है पर घटता - बढ़ता रहता है ।

प्रश्न - 6 चाँद के चेहरे का रंग कैसा है ?

उत्तर :- चाँद के चेहरे का रंग गोरा - चिट्टा है ।

प्रश्न –7 लड़की के अनुसार चाँद की बीमारी कैसी है ?

उत्तर :- लड़की के अनुसार चाँद की बीमारी लाइलाज है।

प्रश्न - 8 'चाँद से थोड़ी गप्पें' कविता के कवि का नाम लिखिए ।

उत्तर :- 'चाँद से थोड़ी गप्पें' कविता के कवि का नाम शमशेर बहादुर सिंह है।

प्रश्न - 9 लड़की के अनुसार चाँद के घटने-बढ़ने का क्या कारण है ?

उत्तर :- लड़की के अनुसार चाँद के घटने-बढ़ने का कारण कोई बीमारी है ।

प्रश्न - 10 'अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त' - यहाँ 'चारों सिम्त' का क्या अर्थ है?

उत्तर :- यहाँ 'चारों सिम्त' का अर्थ है - चारों दिशाएँ ।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?

उत्तर :- चाँद का चेहरा गोरा - चिट्टा और गोल - मटोल है और वह तिरछा नज़र आता है ।

प्रश्न -2 लड़की किससे और क्या बातें कर रही है ?

उत्तर :- लड़की चाँद से बातें करते हुए उसके आकार-प्रकार और उसकी पोशाक के बारे में बातें कर रही है।

प्रश्न -3 लड़की के अनुसार चाँद बढ़ते - बढ़ते किस स्थिति को प्राप्त करता है ?

उत्तर :- लड़की के अनुसार चाँद उस समय तक बढ़ता जाता है जब तक कि बिल्कुल गोल

ना हो जाए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 चाँद की पोशाक के बारे में कविता में क्या कहा गया है?

उत्तर:- चाँद ने पूरे आकाश को अपनी पोशाक बना लिया है,जिसमें तारे जड़े हैं।इस पोशाक में चाँद इस तरह लिपटा हुआ है कि उसके बीच से केवल उसका गोल-मटोल चेहरा ही दिखाई देता है।

प्रश्न -2 लड़की खुद को बुद्धू समझने से क्यों मना करती है?

उत्तर:- लड़की चाँद से कहती है कि उसे चाँद के घटने- बढ़ने और तिरछे नज़र आने का कारण पता है|चाँद उसे बेवकूफ ना समझे।वह जानती है कि चाँद किसी बीमारी से पीड़ित होने के कारण वह इस तरह घटता -बढ़ता रहता है |

शब्दार्थ -

तिरछे - slanting ज़रा - थोड़े से little

खूब - काफ़ी lots of

जड़ा होना - लगा होना to fixed on , to attached

कुल - पूरा full

आकाश -आसमान sky

पोशाक - वस्त्र ,कपड़े cloths

चारों सिम्त - चारों ओर , दिशाएँ all around, directions

गोरा - चिट्टा ,बहुत सफ़ेद fair , white

तिरछे - टेढ़े slanting

नज़र आना - दिखाई देना Appearance

बुद्धू-मूर्ख - foolish

गोकि-यानि - it meant

निरा - एकदम absolute

घटना - कम होना decrease

बढ़ना - increase

बिलकुल-completely

दम -साँस breath

मरज़-बीमारी illness

****